रोल नं.
Roll No.

मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 16
No. of printed pages : 16

132 **432 (IRW)**

2026

लेखाशास्त्र

ACCOUNTANCY

समय : 3 घण्टे] [पूर्णांक : 80

Time : 3 Hours] **[Max. Marks : 80**

निर्देश : (i) यह प्रश्न-पत्र **तीन** भागों में विभक्त है : 'क', 'ख' और 'ग'।

Directions : This question paper is divided into **three** parts : 'A', 'B' and 'C'.

(ii) भाग 'क' सभी परीक्षार्थियों के लिए **अनिवार्य** है।

Part 'A' is **compulsory** for all candidates.

(iii) भाग 'ख' और 'ग' में से कोई **एक** भाग हल करना है।

Any **one** part from Part 'B' and 'C' is to be attempted.

(iv) प्रश्नों हेतु निर्धारित अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

Marks alloted to the questions are mentioned against them.

(v) प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़िये तथा समुचित उत्तर दीजिए।

Read each question carefully and answer to the point.

(vi) प्रश्न संख्या 1 तथा 18 बहुविकल्पीय प्रश्न हैं। इन प्रश्नों के प्रत्येक खण्ड के उत्तर में चार विकल्प दिये गये हैं। सही विकल्प अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिये।

Question No. 1 and 18 are multiple choice questions. Four options are given in answer of each part of these questions. Write correct option in your answer book.

(vii) इस प्रश्न-पत्र में समग्र पर कोई विकल्प नहीं है तथापि कतिपय प्रश्नों में आन्तरिक विकल्प प्रदान किया गया है। ऐसे प्रश्नों में केवल एक विकल्प का ही उत्तर दीजिए।

There is no overall choice in this question paper, however, an internal choice has been provided in few questions. Attempt only one of the given choices in such questions.

भाग - 'क' (लेखाशास्त्र)

Part - 'A' (Accountancy)

1. (क) नये साझेदार के प्रवेश पर सम्पत्तियों के मूल्य में कमी को डेबिट किया जाता है: 1

(i) पुनर्मूल्यांकन खाता

(ii) सम्पत्ति खाता

(iii) पुराने साझेदारों का पूंजी खाता

(iv) लाभ व हानि नियोजन खाता

On the admission of a new partner, decrease in value of assets is debited to:

(i) Revaluation Account

(ii) Assets Account

(iii) Old Partners Capital Account

(iv) Profit and Loss Appropriation Account

(ख) एक साझेदारी फर्म में हेमा, जया व रमा समान रूप से लाभ-हानि बांटते हुए साझेदार हैं। जया के अवकाश ग्रहण करने के पश्चात हेमा व रमा लाभ-हानि 4:3 के अनुपात में बांटने का निर्णय लेते हैं। हेमा को कितनी लाभ-प्राप्ति होगी? 1

(i) 1/3 (ii) 5/21

(iii) 4/7 (iv) 3/4

Hema, Jaya and Rama are partners in a partnership firm shares profit-loss equally. Hema and Jaya decided to share profit-loss in the ratio of 4:3 after taking retirement of Jaya. What will be the gain of Hema?

(i) 1/3 (ii) 5/21

(iii) 4/7 (iv) 3/4

(ग) साझेदारी फर्म के विघटन पर, साझेदार का ऋण किस खाते में हस्तान्तरित किया जाता है? 1

(i) साझेदारों का पूंजी खाता (ii) वसूली खाता

(iii) साझेदारों का चालू खाता (iv) इनमें से कोई नहीं

On dissolution of partnership firm, to which account is partner's loan transferred?

(i) Partners' Capital A/c (ii) Realization A/c

(iii) Partners' Current A/c (iv) None of these

(घ) ऋणपत्रों को कम्पनी के आर्थिक चिट्ठे के दायित्व पक्ष के किस मुख्य शीर्ष के अन्तर्गत दर्शाया जाता है? 1

(i) चालू दायित्व (ii) गैर-चालू दायित्व

(iii) अंश पूंजी (iv) संचय एवं आधिक्य

Under which major head are debentures shown on the liabilities side of the balance sheet of a company?

(i) Current Liabilities (ii) Non-current Liabilities

(iii) Share Capital (iv) Reserves and Surplus

(ङ) ऋणपत्रधारियों को कम्पनी ऋणपत्रों के प्रतिफल के रूप में क्या भुगतान करती है? 1

(i) ब्याज (ii) लाभांश

(iii) वेतन (iv) ख्याति

What does company pay to debentureholders as return on debentures?

(i) Interest (ii) Dividend

(iii) Salary (iv) Goodwill

(च) कम्पनी जितनी पूंजी के साथ पंजीकृत होती है, वह पूंजी क्या कहलाती है? 1

(i) अधिकृत पूंजी (ii) निर्गमित पूंजी

(iii) प्रार्थित पूंजी (iv) अभिदत्त पूंजी

The capital with which a company is registered, is called :

(i) Authorized Capital (ii) Issued Capital

(iii) Subscribed Capital (iv) Paid-up Capital

निर्देश : प्रश्न संख्या-1 के अगले दो खण्डों में, दो कथनों को **अभिकथन (A)** तथा **कारण (R)** के रूप में चिन्हित किया गया है। निम्नलिखित विकल्पों (i), (ii), (iii) तथा (iv) में से चुनकर इनका सही उत्तर दीजिए।

Direction : In the next two parts of Question No.-1, there are two statements labelled as **Assertion (A)** and **Reason (R)**. From the following options (i), (ii), (iii) and (iv), select the correct answer.

(i) A तथा R दोनों सही हैं तथा R, A की सही व्याख्यां करता है।
Both A and R are correct and R is the correct explanation of A.

(ii) A तथा R दोनों सही हैं परन्तु R, A की सही व्याख्या नहीं करता है।
Both A and R are correct but R is not the correct explanation of A.

(iii) A सही है परन्तु R गलत है।
A is correct but R is incorrect.

(iv) A तथा R दोनों गलत हैं।
Both A and R are incorrect.

(छ) **अभिकथन (A)** : साझेदार फर्म साझेदारों को पूंजी पर ब्याज का भुगतान नहीं करती है।

कारण (R) : साझेदारों को पूंजी पर ब्याज का भुगतान किया जाना उनके मध्य पारस्परिक समझौते पर निर्भर करता है। 1

Assertion (A): A partnership firm does not pay interest on capital to the partners.

Reason (R) : The payment of interest on capital to the partners depends on mutual agreement between them.

(ज) **अभिकथन (A)** : नये साझेदार के प्रवेश पर, सामान्य संचय को पुराने साझेदारों के पूंजी खाते में हस्तान्तरित किया जाता है।

कारण (R) : नये साझेदार को पुरानी फर्म के सामान्य संचय में कोई हिस्सा प्राप्त करने का अधिकार नहीं होता। 1

Assertion (A): On admission of new partner, the general reserve is transferred to the capital account of the old partners.

Reason (R) : The new partner is not entitled to have any share in general reserve of old firm.

2. साझेदार की मृत्यु होने की दशा में उसके पूंजी खाते की शेष धनराशि किसको हस्तान्तरित की जाती है? 1
In case of death of partner, to whom is the balance amount of his capital account transferred?

3. सेबी के अनुसार निर्गमित अंशों का कितना प्रतिशत न्यूनतम अभिदान आवश्यक है? 1
What percentage of issued shares is required for minimum subscription according to SEBI?

4. कौन से प्रकार के ऋणपत्र अंशों में परिवर्तित नहीं हो सकते? 1
Which type of debentures can not be converted into shares?

5. एक कम्पनी किन अंशों का पुनर्निगमन कर सकती है? 1
Which shares a company can reissue?

6. अ, ब, स एक फर्म में साझेदार थे। उनका लाभ-हानि विभाजन अनुपात 5:4:1 था। ब की मृत्यु 30 जून 2020 को हुयी। ब के लाभ के हिस्से की गणना पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के आधार पर की जाएगी। पिछले तीन वर्षों के लाभ ₹1,50,000; ₹1,00,000; ₹50,000 क्रमशः थे। ब को उसकी मृत्यु की तिथि पर मिलने वाले लाभ के हिस्से की गणना कीजिए। फर्म के खाते 31 मार्च को बन्द होते हैं। 2
A, B, C were partners in a firm. Their profit-loss sharing ratio was 5:4:1. B died on 30 June 2020. B's share in profit calculated on the basis of average profit of last three years. Last three years, profit were ₹1,50,000; ₹1,00,000; ₹50,000 respectively. Calculated the B's share in profit on the date of his death. Firm's accounts are closed on 31st March.

7. रवि और कमल एक साझेदारी फर्म में साझेदार हैं। उनके द्वारा साझेदारी संलेख नहीं बनाया गया है। दोनों के मध्य निम्नलिखित विवाद उत्पन्न होता है :
(i) रवि दावा करता है कि लाभ समान अनुपात में बांटा जाना चाहिए।
(ii) कमल दावा करता है कि आहरण पर ब्याज की दर 6% वार्षिक की जानी चाहिए।
भारतीय साझेदारी अधिनियम, 1932 के अनुसार उनके मध्य विवाद का निपटारा कैसे होगा? 2
Ravi and Kamal are partners in a partnership firm. They have not made partnership deed. The following disputes arises between both:
(i) Ravi claims that the profit should be divided in equal ratio.
(ii) Kamal claims that the rate of interest on drawings should be at 6% annually.
How will their dispute be resolved as per the Indian Partnership Act 1932?

8. अंश व ऋणपत्र के मध्य कोई दो अन्तर लिखिए। 2

Write any two differences between share and debenture.

9. विभिन्न प्रकार की कम्पनियों में निजी कम्पनी से आप क्या समझते हैं? 2

What do you understand by private company among the different types of companies?

10. कमल और विमल एक फर्म में 2:1 के अनुपात में लाभ-हानि बाँटते हुए साझेदार थे। वर्ष के आरम्भ में उनकी पूंजी क्रमशः ₹50,000 तथा ₹60,000 थी। साझेदारी संलेख के अनुसार पूंजी पर ब्याज @ 5% वार्षिक तथा आहरण पर ब्याज कमल का ₹300 और विमल का ₹200 था। 31 दिसम्बर 2022 को समाप्त होने वाले वर्ष का शुद्ध लाभ ₹20,000 था। फर्म का लाभ-हानि नियोजन खाता तैयार कीजिए। 4

Kamal and Vimal were partners in a firm sharing profit-loss in the ratio of 2:1. Their capitals were ₹50,000 and ₹60,000 respectively in beginning of the year. Interest on capital @ 5% annually and interest on drawings of Kamal were ₹300 and Vimal ₹200 according to partnership deed. The net profit for the year ending 31 December 2022 was ₹20,000. Prepare firm's Profit and Loss Appropriation Account.

11. अमित और बृजेश एक फर्म में समान अनुपात में लाभ-हानि विभाजन करते हुए साझेदार हैं। उनकी पूंजी क्रमशः ₹1,00,000; ₹80,000 है। वर्ष के अन्तिम खाते बन जाने के बाद ज्ञात हुआ कि लाभ वितरण के पूर्व पूंजी पर ब्याज @ 5% प्रति वर्ष नहीं दिया गया है। इस समायोजन हेतु आवश्यक एकल जर्नल प्रविष्टि कीजिए तथा कार्यात्मक टिप्पणी भी स्पष्टता से दशाईए। 4

Amit and Brijesh are partners in a firm sharing profit-loss in equal ratio. Their capitals are ₹1,00,000 and ₹80,000 respectively. After the final accounts of the year were prepared it was found that interest on capital @ 5% per year is not provided. Do a single journal entry for this adjustment and show working notes clearly.

अथवा / OR

साझेदारी की कोई चार विशेषताएं लिखिए।

Write any four features of partnership.

12. अ, ब, स कंपनी ने 5,000 समता अंश @ ₹10 प्रति अंश पर निर्गमित किये। इन अंशों पर ₹2 आवेदन पर, ₹5 आवंटन पर तथा ₹3 याचना पर धनराशि देय थी। सभी अंशों पर धनराशि यथाविधि प्राप्त हुयी। एक 100 अंशों के अंशधारी ने याचना राशि का भुगतान आवंटन के साथ अग्रिम में कर दिया। कम्पनी की पुस्तकों में जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 4

A B C company issued 5,000 equity @ ₹10 per share. The amount due on these shares was as ₹2 on application, ₹5 on allotment and ₹3 on call. The amount duly received on all shares. A shareholder of 100 shares paid called up money with allotment in advance. Do journal entries in the books of company.

13. (क) सुगंधा लिमिटेड ने पायल लिमिटेड के व्यवसाय को क्रय किया जिसकी सम्पत्तियाँ ₹3,00,000 तथा दायित्व ₹20,000 थे। क्रय प्रतिफल के ₹3,00,000 के लिए 12% ऋणपत्र ₹100 प्रत्येक की दर से सम मूल्य पर निर्गमित किये।

Sugandha Limited purchased the business of Payal Limited, whose assets were ₹3,00,000 and liabilities were ₹20,000. 12% debentures of ₹100 each issued at par for purchased consideration of ₹3,00,000.

(ख) अ लिमिटेड ने ₹12,00,000 की मशीनरी ब लिमिटेड से खरीदी। कम्पनी ने क्रय प्रतिफल के रूप में ₹100 वाले 6% ऋणपत्र ₹20 प्रीमियम पर निर्गमित किये।

A Limited purchased the machinery of ₹12,00,000 from B Limited. Company issued 6% debentures of ₹100 each at ₹20 premium for purchase consideration.

उक्त लेन-देनों के लिए आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 2×2=4

Pass necessary Journal entries for the above transactions.

अथवा / OR

कम्पनी के संदर्भ में अंशों से आप क्या समझते हैं? कम्पनी कितने प्रकार के अंश निर्गमित कर सकती है? इनका वर्णन करें। 4

What do you understand by shares in reference to company? How many types of shares a company can issue? Describe these.

14. एक साझेदारी फर्म में अमित और सुमित समान अनुपात में साझेदार थे। 31 दिसम्बर 2020 को फर्म का आर्थिक चिट्ठा निम्न प्रकार था:

दायित्व		धनराशि ₹	सम्पत्तियाँ	धनराशि ₹
पूंजी खाते:			प्लाण्ट	80,000
अमित	50,000		विनियोग	20,000
सुमित	60,000	1,10,000	देनदार	12,000
लेनदार		4,000	रहतिया	8,000
सामान्य संचय		4,000	रोकड़	10,000
अमित की पत्नी का ऋण		12,000		
		1,30,000		1,30,000

31 दिसम्बर 2020 को निम्नलिखित शर्तों पर फर्म विघटित हुयी:

(i) अमित विनियोग को ₹15,000 में लेने और अपनी पत्नी के ऋण का भुगतान करने के लिए सहमत हुआ।

(ii) सम्पत्तियों से निम्नलिखित वसूली हुयी:
प्लाण्ट ₹90,000; देनदार ₹10,000; रहतिया ₹8,000

(iii) लेनदार ₹3,000 पर सहमत हुए।

(iv) वसूली पर व्यय ₹1,000 हुए।

साझेदारी फर्म का वसूली खाता तथा साझेदारों के पूंजी खाते तैयार कीजिए। 6

Amit and Sumit were partners in a partnership firm in equal ratio. The balance sheet of firm as on 31st December 2020 was as follows:

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
Capital A/c's:			Plant	80,000
Amit	50,000		Investment	20,000
Sumit	60,000	1,10,000	Debtors	12,000
Creditors		4,000	Inventories	8,000
General Reserve		4,000	Cash	10,000
Loan of Amit's wife		12,000		
		1,30,000		1,30,000

The firm was dissolved on 31st December 2020 on following terms:

(i) Amit agreed to paid his wife's loan and took investment on ₹15,000

(ii) Assets were realized as follows:

Plant ₹90,000; Debtors ₹10,000; Inventories ₹8,000

(iii) Creditors were agreed on ₹3,000

(iv) Expenses in realization was ₹1,000

Prepare Realization Account, Partners Capital Account of the partnership firm.

15. मुक्ता लिमिटेड ने ₹10 प्रति अंश वाले 20,000 अंश जनता को निर्गमित किये, जो निम्न प्रकार देय थे : आवेदन पर ₹2 प्रति अंश, आवंटन पर ₹4 प्रति अंश, प्रथम याचना पर ₹2 प्रति अंश, शेष अन्तिम याचना पर। 21,000 अंशों के लिए आवेदन प्राप्त हुए। 1,000 अंशों के आवेदनों को निरस्त किया गया तथा आवेदन राशि वापस की गयी। एक अंशधारी जिसके पास 200 अंश थे, अन्तिम याचना की राशि नहीं देने के कारण उसके अंशों का हरण कर लिया गया। हरण किये गये अंशों को ₹9 प्रति अंश की दर से पुनः निर्गमित किया गया। कम्पनी की पुस्तकों में आवश्यक जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 6

Mukta Limited issued 20,000 shares of ₹10 per share, which was payable as follows:

On application ₹2 per share, on allotment ₹4 per share, on first call ₹2 per share, balance in final call.

Applications received for 21,000 shares. Applications of 1,000 shares were rejected and application money returned. A shareholders who holded 200 shares, his shares were forfeited due to non-payment of final call. Forfeited shares were reissued at the rate of ₹9 per share.

Pass necessary journal entries in books of the company.

अथवा / OR

निम्नलिखित के लिए जर्नल प्रविष्टियां कीजिएः

(अ) 1000; 9% ऋणपत्र ₹100 प्रत्येक की दर से सममूल्य पर निर्गमित तथा सममूल्य पर शोधनीय।

(ब) 1000; 9% ऋणपत्र ₹100 प्रत्येक की दर से सममूल्य पर निर्गमित तथा 5% प्रीमियम पर शोधनीय।

(स) 1000; 9% ऋणपत्र ₹100 प्रत्येक की दर से ₹5 प्रत्येक की दर से प्रीमियम पर निर्गमित तथा सममूल्य पर शोधनीय।

(द) 1000; 9% ऋणपत्र ₹100 प्रत्येक की दर से ₹5 प्रत्येक की दर से छूट पर निर्गमित तथा सममूल्य पर शोधनीय।

Pass the journal entries for the followings:

(a) 1000; 9% debentures issued at the rate of ₹100 each at par and redeemable at par.

(b) 1000; 9% debentures issued at the rate of ₹100 each at par and redeemable at 5% premium.

(c) 1000; 9% debentures issued at the rate of ₹100 each at premium at the rate of ₹5 each and redeemable at par.

(d) 1000; 9% debentures issued at the rate of ₹100 each on discount at rate of ₹5 each and redeemable at par.

16. रोहित, मोहित और विजय एक साझेदारी फर्म में 3:2:1 के अनुपात में लाभ-हानि विभाजित करते हुए साझेदार थे। 31 दिसम्बर 2022 को उनका आर्थिक चिट्ठा निम्न प्रकार था :

दायित्व		धनराशि ₹	सम्पत्तियाँ		धनराशि ₹
लेनदार		12,000	रोकड़		12,000
सामान्य संचय		18,000	देनदार	15,000	
पूंजी खातेः			घटायाः संदिग्ध		
रोहित	80,000		ऋणों के लिए		
मोहित	40,000		प्रावधान	2,000	13,000
विजय	60,000	1,80,000	रहतिया		15,000
			प्लाण्ट एवं मशीनरी		1,20,000
			फर्नीचर		50,000
		2,10,000			2,10,000

31 दिसम्बर 2022 को मोहित ने निम्नलिखित शर्तों पर अवकाश ग्रहण किया :

(i) प्लाण्ट एवं मशीनरी का ₹1,40,000; फर्नीचर का ₹40,000; रहतिया का ₹12,000 पर मूल्यांकन किया गया।

(ii) संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान को ₹1,000 बढ़ाया जाएगा।

(iii) फर्म की ख्याति का मूल्यांकन ₹48,000 किया गया।

उपरोक्त सूचनाओं के आधार पर पुनर्मूल्यांकन खाता तथा साझेदारों के पूंजी खाते तैयार कीजिए। 6

Rohit, Mohit and Vijay were partners in a partnership firm sharing profit-loss in the ratio of 3:2:1. Their Balance Sheet as on 31st December 2022 was as follows:

Liabilities		Amount ₹	Assets		Amount ₹
Creditors		12,000	Cash		12,000
General Reserve		18,000	Debtors	15,000	
Capital A/c's:			Loss: Provision for doubtful debts	2,000	13,000
Rohit	80,000		Inventories		15,000
Mohit	40,000		Plant and Machinery		1,20,000
Vijay	60,000	1,80,000	Furniture		50,000
		2,10,000			2,10,000

Mohit took retirement on 31st December 2022 on following terms:

(i) Valuation was made of Plant and Machinery at ₹1,40,000; Furniture at ₹40,000; Inventories at ₹12,000

(ii) Provision for doubtful debts will be increase to ₹1,000

(iii) Firm goodwill was valued at ₹48,000. Prepare Revaluation Account and Partners' Capital Account on the basis of above information.

अथवा / OR

दिनेश और नरेश एक साझेदारी फर्म में 2:1 के अनुपात में लाभ-हानि बांटते हुए साझेदार थे। 31 दिसम्बर 2022 को उनका आर्थिक चिट्ठा निम्न प्रकार था:

दायित्व		धनराशि ₹	सम्पत्तियाँ	धनराशि ₹
सामान्य संचय		18,000	भूमि व भवन	1,00,000
अदत्त व्यय		3,000	देनदार	12,000
लेनदार		9,000	रहतिया	10,000
पूंजी खाते :			रोकड़	18,000
दिनेश	60,000			
नरेश	50,000	1,10,000		
		1,40,000		1,40,000

1 जनवरी 2023 को वे विमल को लाभ में 1/5 भाग के लिए नये साझेदार के रूप में निम्नलिखित शर्तों पर प्रवेश देने पर सहमत हुए :

(i) भूमि व भवन के मूल्य में ₹ 22,000 की वृद्धि की जाएगी।

(ii) रहतिया के मूल्य में ₹ 2,000 की कमी तथा देनदारों पर संदिग्ध ऋणों के लिए 5% का प्रावधान किया जाएगा।

(iii) विमल अपने हिस्से की ख्याति के लिए ₹ 15,000 तथा पूंजी के लिए ₹ 40,000 नकद लाएगा।

फर्म की पुस्तकों में आवश्यक रोचनामचा प्रविष्टियां कीजिए।

Dinesh and Naresh were partners in a partnership firm sharing profit-loss in the ratio of 2:1. Their Balance Sheet as on 31st December 2022 was as follows:

Liabilities		Amount ₹	Assets	Amount ₹
General Reserve		18,000	Land and Building	1,00,000
Outstanding Expenses		3,000	Debtors	12,000
Creditors		9,000	Inventories	10,000
Capital A/c's			Cash	18,000
Dinesh	60,000			
Naresh	50,000	1,10,000		
		1,40,000		1,40,000

They agreed to give admission to Vimal as new partner on January 1, 2023 for 1/5th share in profit of following terms:

(i) The value of the land and building will be increased by ₹22,000.

(ii) A decrease of ₹2,000 in value of inventories and provision of 5% for doubtful debts on debtors will be made.

(iii) Vimal will bring ₹15,000 as his share of goodwill and ₹40,000 as capital in cash.

Pass the necessary journal entries in the books of the firm.

17. एक साझेदारी व्यवसाय विजन टेक साल्यूसंस में पवन और रितेश 3:2 के अनुपात में लाभ-हानि बांटते हुए साझेदार हैं। व्यवसाय में पवन ने ₹ 1,00,000 तथा रितेश ने ₹ 1,20,000 का पूंजी निवेश किया है। उनका व्यवसाय बाजार मांग के अनुसार साफ्टवेयर बनाने तथा उससे संबंधित सेवाएं देने का है। भविष्य में बाजार मांग बढ़ने की सम्भावना को देखते हुए उनकी व्यवसाय में विस्तार की योजना है। व्यवसाय में विस्तार के लिए आवश्यक अतिरिक्त पूंजी के लिए वे साफ्टवेयर निवेशक सुंदर को व्यवसाय में नये साझेदार के रूप में शामिल करने का निर्णय लेते हैं। सुंदर अपनी पूंजी के लिए ₹ 80,000 लाया। पवन व रितेश अपने-अपने लाभ के हिस्से का 1/2 भाग सुंदर के पक्ष में त्याग करते हैं। सुंदर के प्रवेश पर फर्म की ख्याति का मूल्यांकन

पिछले तीन वर्षों के औसत लाभ के 2 वर्ष के क्रय के आधार पर किया जाएगा। पिछले तीन वर्षों के लाभ थेः I वर्ष ₹ 10,000 (हानि), II वर्ष ₹ 40,000, III वर्ष ₹ 60,000। सुंदर अपने हिस्से की ख्याति नकद नहीं लाया तथा फर्म की पुस्तकों में ख्याति ₹ 30,000 पूर्व से विद्यमान थी।

उपरोक्त जानकारी के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

(i) पवन व रितेश का त्याग अनुपात क्या होगा? 1

(a) 1 : 1 (b) 3 : 2 (c) 2 : 1 (d) 2 : 3

(ii) पवन, रितेश व सुंदर का नया लाभ विभाजन अनुपात क्या होगा? 1

(a) 3 : 2 : 5 (b) 3 : 2 : 1 (c) 1 : 1 : 1 (d) 5 : 2 : 3

(iii) सुंदर के हिस्से की ख्याति की गणना कीजिए। 2

(iv) सुंदर के प्रवेश पर नयी फर्म की पुस्तकों में ख्याति से सम्बन्धित जर्नल प्रविष्टियाँ कीजिए। 2

Pawan and Ritesh are partners in Vision Tech Solutions a partnership business sharing profit-loss in the ratio of 3:2. Capital investment made by Pawan ₹1,00,000 and Ritesh ₹1,20,000 in the business. Their business involves developing software and providing related services according to market demand. Considering the potential for increased demand in the future, they plan to expand their business. To expand their business, they decide to bring in Sundar, a software investor, as a new partner to provide the necessary additional capital. Sundar contributed ₹80,000 as his capital. Pawan and Ritesh surrender 1/2 of their respective profit shares in favor of Sundar. Upon Sundar's admission, the firm's goodwill is to be valued at 2 year's purchase of the average profits of the last three years. The profits for the last three years were:

I year ₹10,000 (loss); II year ₹40,000; III year ₹60,000. Sundar did not bring in his share of goodwill in cash and goodwill of ₹30,000 already existed in the firm's books.

Give the answer of the following questions on what basis of above information.

(i) What will be the sacrificing ratio of Pawan and Ritesh?

(a) 1 : 1 (b) 3 : 2 (c) 2 : 1 (d) 2 : 3

(ii) What will be the new profit sharing ratio of Pawan, Ritesh and Sundar?

(a) 3 : 2 : 5 (b) 3 : 2 : 1 (c) 1 : 1 : 1 (d) 5 : 2 : 3

(iii) Calculate the Sundar's share of goodwill.

(iv) Pass the journal entries related to goodwill in the books of the new firm upon Sundar's Admission.

भाग - 'ख' (वित्तीय विवरणों का विश्लेषण)

Part - 'B' (Analysis of Financial Statements)

18. (क) निम्नलिखित में से कौन सा वित्तीय विवरणों के विश्लेषण का एक उपकरण नहीं है? 1

(i) लेखांकन अनुपात (ii) रोकड़ प्रवाह विवरण

(iii) आर्थिक चिट्ठा (iv) तुलनात्मक विवरण

Which of the following is not a tool of analysis of financial statements?

(i) Accounting Ratios (ii) Cash Flow Statement

(iii) Balance Sheet (iv) Comparative Statement

(ख) रोकड़ प्रवाह विवरण में निम्नलिखित में से कौन सी वित्तीय क्रिया है? 1

(i) अंशों का निर्गमन (ii) सम्पत्तियों का विक्रय

(iii) लेनदारों को भुगतान (iv) ह्रास

Which of the following is a financial activity in the cash flow statement?

(i) Issues of shares (ii) Sale of assets

(iii) Payment to creditors (iv) Depreciation

19. कम्पनी के वित्तीय विवरणों से प्राप्त आंकड़ों का विश्लेषण करना क्या कहलाता है? 1

What is called the analysis of data provided in the financial statement of a company?

20. रोकड़ प्रवाह विवरण में रोकड़ के अन्तर्प्रवाह की कोई दो मदें लिखिए। 1

Write any two items of cash inflow in cash flow statement.

21. कम्पनी अधिनियम 2013 के भाग-I की अनुसूची III के अनुसार कम्पनी के स्थिति विवरण में निम्नलिखित मदों के मुख्य शीर्ष तथा उप-शीर्ष लिखिए। 2

(i) निर्गमित अंश पूंजी

(ii) पूर्वदत्त व्यय

Write main head and sub-head of following items of Balance Sheet according to Schedule III of Part-I of Companies Act 2013.

(i) Issued Share Capital

(ii) Prepaid expenses

22. एक कम्पनी के चालू सम्पत्तियां एवं चालू दायित्व निम्न प्रकार हैः

विवरण	31-03-2022 ₹	31-03-2023 ₹
देनदार	18,000	20,000
संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान	2,000	2,500
रहतिया	16,000	18,000
पूर्वदत्त व्यय	2,000	1,000
लेनदार	5,000	4,000
मशीनरी	40,000	50,000
कर के लिए प्रावधान	1,000	1,500

वर्ष 2022-23 में शुद्ध लाभ ₹20,000 था तथा ₹2,000 ह्रास के लिए थे।

उपरोक्त सूचनाओं के आधार पर प्रचालन क्रिया-कलाप से रोकड़ प्रवाह की गणना कीजिए। 4

Current assets and current liabilities of a company is as follows:

Particulars	31-03-2022 ₹	31-03-2023 ₹
Debtors	18,000	20,000
Provision for doubtful debts	2,000	2,500
Inventories	16,000	18,000
Prepaid expenses	2,000	1,000
Creditors	5,000	4,000
Machinery	40,000	50,000
Provision for tax	1,000	1,500

Net profit in the year 2022-23 was ₹20,000 and ₹2,000 was for depreciation. On the basis of above information, calculated the cash flow from operating activities.

23. एक कम्पनी के निम्नलिखित स्थिति विवरण से तुलनात्मक स्थिति विवरण तैयार कीजिए : 4

विवरण	नोट सं.	31-03-2024 ₹	31-03-2023 ₹
I. समता एवं देयताएँ:			
1. अंशधारी कोष:			
(क) अंश पूंजी		2,50,000	2,00,000
2. गैर-चालू दायित्व:			
(क) दीर्घकालिक ऋण		1,20,000	1,00,000
3. चालू दायित्व:			
(क) व्यापारिक देयताएँ		50,000	50,000
योग		4,20,000	3,50,000
II. सम्पत्तियां:			
1. गैर-चालू सम्पत्तियां:			
(क) स्थायी सम्पत्तियां प्लाण्ट एवं मशीनरी		3,60,000	3,00,000
2. चालू सम्पत्तियां:			
(क) रहतिया		44,000	40,000
(ख) रोकड़ एवं रोकड़ समतुल्य		16,000	10,000
योग		4,20,000	3,50,000

Prepare comparative statement from the following Balance Sheet of a company:

Particulars	Note No.	31-03-2024 ₹	31-03-2023 ₹
I. Equity and liabilities:			
1. Shareholder's Fund:			
(a) Share Capital		2,50,000	2,00,000
2. Non-current liabilities:			
(a) Long-term borrowings		1,20,000	1,00,000
3. Current Liabilities:			
(a) Trade Payables		50,000	50,000
Total		4,20,000	3,50,000
II. Assets:			
1. Non-current Assets:			
(a) Fixed Assets:			
Plant & Machinery		3,60,000	3,00,000
2. Current Assets:			
(a) Inventories		44,000	40,000
(b) Cash & cash equivalents		16,000	10,000
Total		4,20,000	3,50,000

अथवा / OR

लेखांकन अनुपात से आप क्या समझते हैं? अनुपात विश्लेषण के क्या लाभ हैं?

What do you understand by accounting ratios? What are the advantages of ratio analysis?

24. एक कम्पनी के वित्तीय विवरणों से प्राप्त सूचनाएं निम्नवत हैं:

	₹
संचालन से आय	1,20,000
संचालन से आय की लागत	60,000
अंश पूंजी	2,00,000
सामान्य संचय	10,000
शुद्ध लाभ	54,000
चालू संपत्तियां	60,000
चालू दायित्व	40,000
कुल विक्रय (नकद विक्रय 40,000)	1,20,000
औसत देनदार	50,000
शुद्ध संपत्तियां	4,00,000

उपरोक्त दी गयी सूचनाओं के आधार पर निम्न लेखांकन अनुपातों की गणना कीजिए: 6

(i) शुद्ध लाभ अनुपात

(ii) चालू अनुपात

(iii) स्वामित्व अनुपात

(iv) देनदार आवर्त अनुपात

The following information obtained from financial statements of a company:

	₹
Revenue from operations	1,20,000
Cost of revenue from operations	60,000
Share capital	2,00,000
General Reserve	10,000
Net profit	54,000
Current assets	60,000
Current liabilities	40,000
Total sales (cash sales-40,000)	1,20,000
Average debtors	50,000
Net Assets	4,00,000

Calculate the following accounting ratios based on the information given above:

(i) Net profit ratio

(ii) Current ratio

(iii) Proprietary ratio

(iv) Debtors turnover ratio

भाग - 'ग' (अभिकलित्र लेखांकन)

Part - 'C' (Computerised Accounting)

18. (क) निम्नलिखित में से कौन सी कम्प्यूटरीकृत लेखांकन प्रणाली की प्रमुख विशेषता नहीं है? 1

(i) सरल एवं एकीकृत (ii) सटीकता एवं गति

(iii) जटिल (iv) पारदर्शी

Which of the following is not salient feature of computerised accounting system?

(i) Simple and integrated (ii) Accuracy and speed

(iii) Complex (iv) Transparent

(ख) कौन सा कमांड स्प्रेडशीट में किये गये अन्तिम कार्य को रिवर्स कर देता है? 1

(i) CUT (ii) UNDO

(iii) REDO (iv) DELETE

Which command reverses the last action performed in the spreadsheet?

(i) CUT (ii) UNDO

(iii) REDO (iv) DELETE

19. सम्पूर्ण वर्कशीट को सिलेक्ट करने के लिए शार्टकट कुंजी क्या है? 1

What is the shortcut key to select the entire worksheet?

20. एक्सेल में सीधी रेखा विधि से ह्रास की गणना करने के लिए कौन सा फंक्शन प्रयोग करते हैं? 1

Which function is used to calculate depreciation using straight line method in excel?

21. पाइ-चार्ट और बार चार्ट में कोई दो अन्तर लिखिए। 2

Write any two differences between Pie-chart and Bar-chart?

22. कम्प्यूटरीकृत लेखा प्रणाली की उन विशेषताओं का वर्णन करें जो डाटा सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। 4

Describe the features of a Computerised Accounting System that ensure data security.

23. कोड का क्या अर्थ है? कोडिंग की विभिन्न विधियों का वर्णन कीजिए। 4

What is the meaning of code? Explain the different methods of coding.

अथवा / OR

वित्तीय विश्लेषण के लिए इलैक्ट्रॉनिक स्प्रेडशीट में चार्ट व ग्राफ के उपयोग के महत्व को समझाइये।

Explain the importance of using charts and graphs in electronic spreadsheet for financial analysis.

24. आब्सोल्यूट और रिलेटिव एड्रैस के महत्व को स्पष्ट कीजिए। रिलेटिव एड्रैस और आब्सोल्यूट एड्रैस के प्रयोग का आधार क्या है? 6

Explain the importance of absolute and relative address. What is the basis of using relative address and absolute address?

*****